दैनिक
आर.एन.आई.नं.- MPHIN /2012/64802
E-Mail-parihargarjana@gmail.com
# परिहार गर्जना
संस्थापक- स्व.वीर सिंह परिहार चौका संपादक - रामबाबू सिंह परिहार मो. 9755204916 सह संपादक - दद्दा ललौनी
वर्ष 13 | अंक 93 | छतरपुर, सोमवार 28 अक्टूबर 2024 | मूल्य 1.00 रूपये | पृष्ठ 16

# सड़क दुर्घटना में 19 वर्षीय युवक की मौके पर मौत

## घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने लगाया जाम, चार घंटे बाद प्रशासन की समझाइस के बाद खुला जाम







**सुरेन्द्र सिंह राजावत**

परिहार गर्जना न्यूज। नौगांव रविवार सुबह 8-30 पर झांसी खजुराहो फोरलेन पर अलीपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम करारा गंज के बस स्टैंड पर फोर व्हीलर और बाइक की जोरदार टक्कर हो गई जिससे सत्यम कुशवाहा आयु 19 वर्ष पिता मोहन कुशवाहा उर्फ अम्मू निवासी करारा गंज की मौके पर ही मौत हो गई।प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक सत्यम कुशवाहा खेत से अपने घर वापिस आ रहा था तभी तेज गति से आ रही फोर व्हीलर i20 UP 94 N 3888 ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे सत्यम कुशवाहा की मौके पर ही मौत हो गई।प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक रोड की दूसरी और सत्यम कुशवाहा को करीब 10फीट तक घसीटते हुए ले गया और फिर बैक करके फरार हो गया जिससे मौके पर ही सत्यम की मौत हो गई।एवं फोर व्हीलर चालक मौके पर से फरार हो गया।एवं हरपालपुर नगर गाड़ी छोड़कर भाग गया।

***आक्रोशित ग्रामीणों ने लगाया जाम,4घंटे बाद प्रशासन की समझाइस के बाद खुला जाम***

उक्त घटना की जानकारी जैसे ही परिजनों एवं ग्रामीणों को लगी तो आक्रोशित हो उठे एवं जाम लगा दिया।परिजनों एवं ग्रामीणों ने बताया कि यह पहली घटना नहीं है आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती है।रोड के दोनों ओर ग्रामीणों के मकान और खेत है जिससे आवाजाही बनी रहती है।प्रशासन को कई बार सूचना देने के बाद आज तक ओवर ब्रिज या अंडर ब्रिज नहीं बना जिससे आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती है।उक्त मामले की जानकारी लगते ही नौगांव एसडीएम विशा माधवानी,तहसीलदार रंजना यादव, एसडीओपी चंचलेश मरकाम,हरपालपुर थाना प्रभारी पुष्पक शर्मा,अलीपुरा थाना प्रभारी डीडी शाक्य सहित एनएचआई के साइड इंजीनियर अमन कुमार मौके पर पहुंचे एवं समझायस के 4 घंटे बाद जाम खुला।महाराजपुर विधायक कामाख्या प्रताप सिंह उर्फ टीका राजा एवं राजनगर विधायक अरविंद पटेरिया ने कलेक्टर पार्थ जैसवाल तत्काल फोन पर बात कर परिजनों से यथा संभव मदद करने की बात कही एवं वरिष्ठ अधिकारियों से बात कर ग्रामीणों की मांग को पूरा करने की बात की।

# शहर में टमाटो केचअप के नाम पर बिक रहा धीमा जहर खाद्य विभाग चुप्प

**विजय निरंकारी**

परिहार गर्जना न्यूज। सागर। सागर शहर के अंदर रोजाना लगभग पचास हजार से एक लाख तक टमाटो केचअप की बिक्री होती है जिसमें मल्टीनेशनल कंपनी को छोड़कर बाकी लोकल ब्रांड दब्बे से बेचे जा रहे हैं। अब सवाल ये है कि क्या इसकी जानकारी खाद्य विभाग को नहीं हे या फिर जानकर भी अनजान बना हुआ है.ऐसे में हजारों लोगों की जान का जिम्मेदार कौन होगा जहां एक ओर कलेक्टर साहिब लगातार आदेश पर आदेश जारी कर रहे की मिलावट को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा मगर देखने में आ रहा है कि खाद्य विभाग के कान पर जू तक नहीं रंग रही अब इसका क्या अंदाजा लगाया जाएं। जहां एक ओर बड़े ब्रांड की केचअप 160 से 200 रुपए लीटर बिक रही है वहीं लोकल ब्रांड की केचअप पचास से साठ रुपए लीटर बाजार में मौजूद है जिसका उपयोग होटलों से लेकर सड़क किनारे लगे ठेलो पर किया जा रहा वही व्यंजन का टेस्ट बढ़ाने के लिए इसका भरपूर उपयोग किया जा रहा है। ज्यादातर चाउमीन, बर्गर ,पिज्जा,कटलेट, मोमोज ,पेटिस ऐसे कई खाने वाली व्यंजनों में इसका उपयोग किया जा रहा है। इसके स्वाद के साथ ही इसके कई तरह के नुकसान भी हे जिससे कैंसर जैसे खतरनाक रोग हो सकते हैं।जानकारी के अनुसार सागर शहर के एक ही क्षेत्र में इसकी बिक्री रोजाना 10000 लीटर की है वहीं अगर इसके मुनाफे की बात की जाए तो एक लीटर पर पंद्रह से बीस रुपए लीटर का मुनाफा इस कारोबार में है।मगर किसी की जान के कीमत पर मुनाफा कहा तक जायज है।कहने वालों का तो यहां तक कहना है कि ये सब खाद्य विभाग की पूरी जानकारी मे है ऐसे में कलेक्टर साहिब क्या कार्यवाही करते हैं ये देखना बाकी है।जनता की जान से खिड़वाड़ करने वाले अधिकारी ओर इस गोरख धंधे के व्यापारी के खिलाफ कलेक्टर साहिब क्या कार्यवाही करते हैं?



***डॉ मनीष जैन विशेषज्ञ***

डॉ मनीष जैन ने बताया कि ये सिर्फ कलर टमाटर के रंग का होता है इसमें केमिकल बहुत होते है और स्टोर में रखा होने के कारण ये खाने योग्य नहीं होता है इससे लीवर और किडनी डेमेज होने का खतरा बहुत होता है।बच्चो में इसके सेवन से भूख धीरे धीरे खत्म हो जाती है।

# मैरिज गार्डन से लाखों के पटाखे जब्त

## एसडीएम के नेतृत्व में हुई यह कार्रवाई

छतरपुर। शासन द्वारा पटाखा, आतिशबाजी संबंधी सामग्री हेतु दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। विस्फोटक सामग्री पटाखा का उत्पादन, विक्री, भंडार भीड़भाड़ वाले स्थान, बाजारों या रिहायशी इलाकों में ना किया जाए, इन स्थानों में उत्पादन, भंडारण, बिक्री पर पूरी तरह प्रतिबंध है। इस हेतु सुरक्षित स्थान निर्धारित किए गए हैं।



रात्रि गश्त के दौरान थाना सिविल लाइन पुलिस को मैरिज गार्डन के एक कमरे में पटाखा सामग्री संग्रह होने की सूचना प्राप्त हुई, पुलिस टीम मौके पर पहुंची। प्रशासनिक एवं पुलिस राजपत्रित अधिकारियों की उपस्थिति में छापामार कार्यवाही की गई। एक कमरे में भारी मात्रा में पटाखा सामग्री आतिशबाजी के पटाखे, पटाखे की लड़ी, विभिन्न प्रकार की फुलझड़ी, मुर्गा, लैला मजनू, चॉकलेट, सूतरी बम, माचिस पटाखा, अनार, रॉकेट, सायरन, जंबो सहित 40 प्रकार की आतिशबाजी सामग्री को जप्त किया गया। जब्त सामग्री को सुरक्षित स्थान में रखवाया गया है। पटाखों की अनुमानित कीमत करीब 4 लाख रूपए बताई जा रही है। थाना सिविल लाइन में नियमों का उल्लंघन कर अवैध रूप से पटाखे संग्रह करने वाले आरोपी आनंद कुमार रावत निवासी महल रोड छतरपुर के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता एवं विस्फोटक अधिनियम की धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया गया है। उक्त कार्यवाही में एसडीएम अखिल राठौर एवं सीएसपी अमन मिश्रा की उपस्थिति में थाना प्रभारी सिविल लाइन निरीक्षक वाल्मीकि चौबे, प्रधान आरक्षक भूपेंद्र सिंह, काजी रजीउद्दीन, आरक्षक मनीष मुकेश एवं पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका।

# गतिमान एक्सप्रेस को ओरछा तक चलाने की तैयारी

## सिंधिया ने रेल मंत्री को लिखा पत्र; पर्यटकों को मिलेगी सुविधा

परिहार गर्जना न्यूज़। ओरछा- निवाड़ी जिले की पर्यटन नगरी ओरछा के लिए गतिमान एक्सप्रेस को चलाने के लिए केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखा है। सिंधिया के रेल मंत्री को पत्र लिखने से अब गतिमान एक्सप्रेस के ओरछा तक जल्द बढ़ने की संभावना भी बढ़ गई है।



दरअसल, पिछले सप्ताह दिल्ली पहुंचकर भाजपा नेता विकास यादव ने केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को पत्र के माध्यम से बताया था कि हाल ही में ओरछा नगर को यूनेस्को की विश्व धरोहर की स्थाई सूची में शामिल किया गया है। धर्म, पुरातन और पर्यावरण को अपने आप में संजोए ओरछा नगरी वर्तमान में देशी और विदेशी पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। यहां रोजाना लाखों देशी पर्यटक और हजारों

***पर्यटकों को मिलेगी सुविधा***

ऐसे में वर्तमान में संचालित गाड़ी संख्या 12049/12050 गतिमान एक्सप्रेस सुबह 8 बजकर 10 मिनट पर हजरत निजामुद्दीन से चलकर दोपहर 12 बजकर 35 मिनट पर वीरांगना लक्ष्मी बाई जंक्शन झांसी पहुंचती है। करीब दोपहर 3 बजकर 5 मिनट पर वीरांगना लक्ष्मी बाई जंक्शन (झांसी) से हजरत निजामुद्दीन के लिए प्रस्थान करती है। इस प्रकार यह गाड़ी झांसी में 2 घंटे 30 मिनट खड़ी रहती है। गतिमान एक्सप्रेस को झांसी से बढ़ाकर ओरछा तक कर दिया जाए तो दिल्ली से ओरछा आने वाले पर्यटकों को आवागमन में सुविधा होगी और इनकी संख्या में अत्यधिक बढ़ोत्तरी होगी। इसे गंभीरता से लेते हुए केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने गतिमान एक्सप्रेस का विस्तार ओरछा तक कराए जाने के लिए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखा है। सिंधिया के रेल मंत्री को पत्र लिखने से अब गतिमान एक्सप्रेस के ओरछा तक जल्द बढ़ने की संभावना बढ़ गई है।

## कृषक भ्रमण रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

परिहार गर्जना न्यूज़। निवाड़ी -कृषक प्रशिक्षण सह भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत गुरुवार को कलेक्ट्रेट परिसर से कृषक भ्रमण रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। सहायक संचालक उद्यानिकी विभाग निवाड़ी अरुण पटले ने बताया कि उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा राज्य के अंदर तीन दिवसीय कृषक प्रशिक्षण सह भ्रमण के लिए यह रथ रवाना किया गया है जिसमें एग्रीकल्चर विश्व विद्यालय ग्वालियर एवं नूराबाद एक्सीलेंस महाविद्यालय परिक्षेत्र में कृषकों का भ्रमण कराया जाएगा। जिसमें कृषकों को उद्यानिकी की नवीनतम तकनीकियों की जानकारी के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिससे किसान को नवीनतम तकनीक के उपयोग से उद्यानिकी क्षेत्र में लाभ प्राप्त होगा और वे खेती में लाभ कमा पाएंगे।

## 6 पंचायत सचिव एवं पांच रोजगार सहायकों को दिया नोटिस

परिहार गर्जना न्यूज़। निवाड़ी - जिले में ग्राम पंचायत में पदस्थ 6 पंचायत सचिव एवं 5 रोजगार सहायकों की मुख्यालय पर उपस्थित न होने को लेकर जिपं सीईओ रोहन सक्सेना ने कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत निवाड़ी ने सुबह 10 से 10.25 के बीच वीडियो कॉल पर पंचायतों के पंचायत सचिव व रोजगार सहायक सचिवों की उपस्थिति की जानकारी ली। जिसमें ग्राम पंचायतों के मुख्यालय पर कई पंचायत सचिव व रोजगार सहायक अनुपस्थित मिले। जिस पर जिला पंचायत सीईओ रोहन सक्सेना ने कारण बताओ नोटिस जारी किए। इनमें राममिलन यादव ग्राम रोजगार सहायक धवाबंगरा, महेंद्र सुमन ग्राम रोजगार सहायक चचावली, रईस यादव सचिव भीतरी, रामचरण कुशवाहा सचिव गिदखिनी, ब्लादिन अहिरवार सचिव धवाबंगरा, दयासागर नायक ग्राम रोजगार सहायक चकरपुर, जयराम वंशकार सचिव कैना, संजीव यादव सचिव बपरोली, प्रहलाद सचिव थौना, इरफान खान ग्राम रोजगार सहायक कुम्हरा खास व अरविंद प्रजापति ग्राम रोजगार सहायक देवरीनायक शामिल हैं। संबंधित को जिपं सीईओ ने 28 अक्टूबर तक जवाब प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया है।

## नवागत थाना प्रभारी ने संभाला पदभार

**राकेश सिंह**



परिहार गर्जना न्यूज़। लवकुश नगर नवागत थाना प्रभारी परशुराम ने लवकुश नगर थाने का संभाला पदभार,शांति व्यवस्था कायम रहे,अपराध करने वालों को किसी भी सूरत में नहीं बख्शा जाएगा, पुराने अपराधी पर भी रहेगी कड़ी नज़र । अवैध गतिविधियों पर रहेगी कड़ी नज़र विशेष तैर पर महिला और बच्चों में अपराध न हो क्षेत्र में अमन और शांति बनाए रखने के लिए सभी प्रयास किये जायेगे।

# जो लोग जीते जी देवी-देवताओं का दर्शन, स्वर्ग-बैकुंठ में घूमना चाहते हैं, दीपावली सतसंग कार्यक्रम में आ जाओ, रास्ता बताया जाएगा

## जयगुरुदेव सन्त उमाकान्त जी महाराज का दीपावली सतसंग व नामदान कार्यक्रम उज्जैन आश्रम पर, सभी सपरिवार सादर आमंत्रित

परिहार गर्जना न्यूज़। उज्जैन (म.प्र.त्रयोदशी मासिक भण्डारा व दीपावली के अवसर पर वक्त गुरु परम् पूज्य परम् सन्त बाबा उमाकान्त जी महाराज द्वारा समय परिस्थिति अनुकूल रहने पर सतसंग व नामदान कार्यक्रम- 29 अक्टूबर 2024 सायं 6 बजे से, ध्यान-भजन-सतसंग और 30, 31 अक्टूबर व 1 नवम्बर को प्रात: 5 बजे से ध्यान-भजन-सतसंग और 30 व 31 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे से सतसंग व नामदान स्थान- बाबा जयगुरुदेव आश्रम, जयगुरुदेव नगर, पिंगलेश्वर रेलवे स्टेशन के सामने, मक्सी रोड, उज्जैन, मध्य प्रदेश में होगा। सम्पर्क-9575600700, 9754700200.



***पूरे शब्द भेदी गुरु को खोजो, फिर जब अन्तर में ज्योति जलेगी तब होगी असली दीपावली***

जीवात्मा को मुक्ति-मोक्ष दिलाने का रास्ता- पांच नाम का नामदान देने के एकमात्र अधिकारी, वक्त गुरु, दु:खहर्ता, उज्जैन वाले सन्त बाबा उमाकान्त जी महाराज ने अधिकृत यूट्यूब चैनल जयगुरुदेवयूकेएम पर लाइव प्रसारित संदेश में बताया कि प्रचार-प्रसार करना, लोगों को शाकाहारी नशा मुक्त बनाना, अंडा शराब मांस मछली से दूर रहने का उपदेश करना, मनुष्य शरीर के बारे में लोगों को बताना, जिनकी इच्छा यह हो जाए कि हम जीते जी भगवान का, अंदर में देवी-देवताओं का दर्शन करना चाहते हैं, स्वर्ग-बैकुंठ में घूमना चाहते हैं, जिनकी इच्छा हो जाए उनको लेकर के दीपवाली कार्यक्रम में उज्जैन आश्रम पर आ जाना। गुरु महाराज की दया से उनको रास्ता बता दिया जाएगा कि इस तरह से तुमको दर्शन हो सकता है। गृहस्थ आश्रम में ही भगवान मिलता है। आज तक जिसको मिला मनुष्य शरीर में मिला। घर छोड़कर के जो जंगल में गए, उनको नहीं मिला। तो आपको वह रास्ता बताया, दिया जाएगा।

# बड़े हर्षोल्लाह से हुआ समापन समारोह

## -डी.ए.वी बी.आर पब्लिक स्कूल में राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

## -डी.ए.वी बी.आर बीना के खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनीत






परिहार गर्जना न्यूज़। बीना/ डी.ए.वी संस्थान के तत्वावधान में डी.ए.वी बी.आर पब्लिक स्कूल, बीना में शुरू हुई राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में प्रदेश में अवस्थित 14 स्कूलों के 780 छात्रों ने भाग लिया ह्र इस प्रतियोगिता में एथलेटिक्स, वॉलीबॉल, कबड्डी, फुटबॉल, बास्केटबॉल, क्रिकेट और योग समेत 17 विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि चाको एम. जोस (कार्यकारी निदेशक, बीना रिफाइनरी, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड) द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया । इस अवसर पर एस.के. सिन्हा क्षेत्रीय खेल समन्वयक व ए.आर.ओ सहित डी.ए.वी एम.पी ज़ोन ष्ट और ज़ोन ष्ट के विभिन्न स्कूलों के प्राचार्य एवं इंचार्ज उपस्थित थे ह्र उद्घाटन समारोह के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें डी.ए.वी बी.आर के विद्यार्थियों द्वारा डी.ए.वी गान, स्वागत गीत, योग नृत्य, खेल नृत्य और एरोबिक जैसी शानदार प्रस्तुतियाँ दी गईं। मुख्य अतिथि और अन्य गणमान्य व्यक्तियों का मंच पर स्वागत करते हुए उन्हें पुष्प गुच्छ, टी शर्ट, कैप्स और बैजेज भेंट किए गए।

मुख्य अतिथि चाको एम. जोस, एस. के. सिन्हा और प्राचार्य अशोक कुमार मिश्रा ने खुली जीप में टीमों का निरीक्षण किया। इसके बाद टीमों ने मार्च पास्ट किया, जिसमें सभी छात्रों ने अनुशासन और एकता की अदभुत झाँकी प्रस्तुत की। खेलकूद कैप्टन शुभ साहू ने खेलों को खेल भावना और अनुशासन से खेलने की शपथ दिलाई। स्वागत भाषण में प्राचार्य अशोक कुमार मिश्रा ने सभी अतिथियों का सादर स्वागत करते हुए खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ एस.के. सिन्हा ने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए विभिन्न खेल हस्तियों जैसे पी.टी. उषा और नीरज चौपड़ा जैसे अन्य डी.ए.वी एलुमिनी महान खिलाड़ियों का उदाहरण दिया। मुख्य अतिथि चाको एम. जोस ने अपने भाषण में खिलाड़ियों को परिणाम की चिंता किए बिना खेल का आनंद लेने के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि एवं अन्य गणमान्यों द्वारा मशाल प्रज्वलन कर खेल का शुभारंभ करते हुए प्रकाश, विकास, उज्ज्वल भविष्य और सुदृढ़ राष्ट्र के निर्माण का संदेश दिया गया। खेलकूद के दौरान छात्रों ने गेम एवं ट्रेक व फिल्ड प्रतियोगिताओं और अन्य खेलों में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। रात्रि के समय सभी खिलाड़ियों के मनोरंजन व उन्हें थकान से निजात दिलाने हेतु कैंप फायर का आयोजन भी किया गया, जिसमें छात्रों और शिक्षकों ने अपने गायन और अन्य प्रतिभाओं का रंग बिखेरते हुए सभी का मन मोह लिया। दूसरे दिन समापन समारोह के अवसर पर शिरीष चंदेकर (महाप्रबंधक, मानव संसाधन, बीना रिफाइनरी) मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्य अतिथि का स्वागत पुष्प गुच्छ देकर करतल ध्वनि के साथ बहुत ही हर्षोल्लास एवं उत्साह पूर्वक किया। प्रतियोगिताओं का मूल्यांकन करने के लिए पेशेवर अधिकारियों को आमंत्रित किया गया था। मुख्य अतिथि ने छात्रों की प्रशंसा की और सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ अपनी प्रतिभाओं को प्रदर्शित करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के अंत में पुरस्कार वितरण समारोह हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि, खेल समन्वयक एस. के. सिन्हा, प्राचार्य अशोक कुमार मिश्रा और अन्य प्राचार्यों ने विजेताओं को सम्मानित किया। ज़ोन ष्ट को इस राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का चैंपियन घोषित किया गया। कार्यक्रम का समापन जम्बल्ड मार्च के पश्चात, राष्ट्रीय गान व खेल ध्वज अवतरण के साथ हुआ और मशाल को मुख्य अतिथि द्वारा बुझाया गया। यह आयोजन न केवल छात्रों के खेल कौशल को बढ़ावा देने के मंच था, बल्कि इसमें卐विविधता में एकता卐 की भावना भी देखने को मिली। प्रतियोगिता ने यह संदेश दिया कि हार या जीत से अधिक महत्वपूर्ण खेल की भावना होती है, और भाग लेना ही असली जीत है। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में डी.ए.वी बी.आर बीना के छात्र-छात्राओं का भी प्रदर्शन उल्लेखनीय रहा । इस प्रतियोगिता में डी.ए.वी बी.आर बीना के 46 खिलाड़ी चयनित हुए थे जिसमें 33 स्वर्ण 10 रजत और 1 कांस्य पदक प्राप्त किया। डी.ए.वी बी.आर बीना के खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे।

# भाजपा राष्ट्रप्रेम और मातृभूमि की पाठशाला है- अविराज सिंह

## बीना में भाजपा युवा सम्मेलन को संबोधित किया



परिहार गर्जना न्यूज। सागर। किसी युवा को मातृभूमि की सेवा करना सिखाना है और राष्ट्र प्रेमी बनाना है तो उसे भाजपा से जुड़ जाना चाहिए। यह हम सब के लिए गर्व की बात है कि आज जब देश के सारे विपक्षी दल तुष्टिकरण की राजनीति कर रहे हैं हमारी भाजपा ही ऐसी पार्टी है जो संतुष्टिकरण की राजनीति करती है। आदर्श नेता कैसे होते हैं आज उसका सर्वश्रेष्ठ उदाहरण हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी हैं। यह विचार युवा भाजपा नेता श्री अविराज सिंह ने बीना में आयोजित भाजपा युवा सम्मेलन में व्यक्त किए।

अपने विचारोत्तेजक व प्रेरक उद्बोधन में अविराज सिंह ने युवा सम्मेलन में उपस्थित युवाओं को उत्साह से भर दिया। उन्होंने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने वाराणसी में दिए अपने भाषण में कहा था कि अपनी प्राचीन सनातन संस्कृति वाला भारत विश्व का सबसे युवा देश है और वे स्वयं प्रयास करेंगे कि देश भर से एक लाख युवा राजनीति में आएं। अविराज सिंह ने कहा कि राजनीति में मेरे प्रेरणास्रोत पं दीनदयाल उपाध्याय जी, स्व श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं अटल बिहारी वाजपेई और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी हैं। पं दीनदयाल जी ने एकात्म मानववाद के सिद्धांत में हमें बताया कि मनुष्य, पशु, वृक्ष सभी की आत्मा एक है। सभी में एकात्म हो, किसी से भी धर्म,जाति, रंग का भेदभाव नहीं होना चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि भारत की प्राचीन संस्कृति ही विकास का मूलस्तंभ बनेगी। स्व श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने सबसे पहले यह आवाज उठाई कि देश में दो प्रधान, दो निशान, दो विधान नहीं रह सकते, और देखिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में हमारी पार्टी भाजपा ने कश्मीर से धारा 370 हटा कर यह कर के दिखा दिया और कश्मीर के लालचौक पर शान से तिरंगा लहरा रहा है। श्री अविराज सिंह सैकड़ों वाहनों और बड़ी संख्या में जिले भर से आए युवा कार्यकर्ताओं के काफिले के साथ सागर से बीना पहुंचे।

युवा नेता अविराज सिंह ने अटल बिहारी वाजपेयी को उनके प्रसिद्ध वचनों से याद करते हुए कहा कि पूज्य अटल जी ने कहा था कि भारत वंदन और अभिनंदन की धरती है, यहां की हर सरिता गंगा है और हर कंकर शंकर है। मरने के बाद भी मेरी अस्थियों से आवाज आएगी भारत माता की जय। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को अविराज ने मैं देश नहीं मिटने दूंगा मैं देश नहीं झुकने दूंगा का उल्लेख करते हुए उन्हें आदर्श नेता बताया। युवाओं को सफलता के पांच सूत्र देते हुए अविराज सिंह ने कहा कि पहला पूरे जीवन में माता पिता का आशीर्वाद अपने साथ रखें, क्योंकि माता पिता ही चाह सकते हैं कि उनका बेटा उनसे भी आगे निकल जाए। दूसरा जीवन में जितना हो सके धैर्य रखें लेकिन उसकी भी सीमा हो। शत्रु को बिना हिंसा के बिना बोले ही समर्पण करा लें। तीसरा सूत्र जो होता है अच्छे के लिए होता है, चौथा सूत्र अपने आलोचकों को भी प्रेम और सम्मान दें क्योंकि वे ही आपकी लोकप्रियता के सहायक हैं। पांचवां यह सूत्र कि आपके आरंभ से ही तय नहीं हो जाता कि आप किस मुकाम तक पहुंचेंगे। श्री अविराज सिंह ने हर सूत्र को सिद्ध करने वाले महापुरुषों के जीवन के आख्यान सुनाए। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने युवाओं से आह्वान किया था कि हमारे भीतर ईश्वर की दी हुई शक्ति है हम जहां तक पहुंचना चाहें पहुंच सकते हैं जो प्राप्त करना चाहते हैं प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने युवाओं से कहा कि जब भी कोई सेवा कार्य करें वह प्रचार प्रसार के लिए न करें, स्वार्थ के लिए सेवा करना कारोबार की तरह है।

श्री अविराज सिंह ने अपने उद्बोधन में सर्वप्रथम बीना के स्व सुधाकर राव बापट को चरण वंदन कहते हुए उन्हें अपने दादा जी की तरह बताया। उन्होंने कहा कि खुरई और बीना में आज जो भाजपा का सशक्त स्वरूप है उसे स्व बापट जी ने ही सजाया संवारा है। उन्होंने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बीना में आज सभी ने जो मेरा स्वागत और सम्मान किया है उसके लिए मैं जीवन भर आपका आभारी रहूंगा और आपके दुख सुख में जीवन भर खड़ा रहूंगा। उन्होंने सभी को धनतेरस, दीपावली की शुभकामनाएं दीं। देवरी विधायक पं ब्रजबिहारी पटैरिया ने आशीर्वाद देकर अविराज को रवाना किया। सागर से बीना के रास्ते भर जगह-जगह अविराज सिंह का स्वागत हुआ। काफिला पांच घंटे में सागर से बीना पहुंच सका। देवरी विधायक की सुपुत्री सुश्री प्रियंका पटैरिया तथा भाजयुमो के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य वैभव दुबे ने भी संबोधित किया। सम्मेलन के आयोजक युवा भाजपा नेता आकाश सिंह गोदना ने आभार व्यक्त किया।



कार्यक्रम में राजेंद्र उपाध्याय, महेश राय पूर्व विधायक, श्रीमती लता सकवार नगर पालिका अध्यक्ष, श्रीमती ऊषा राय जनपद अध्यक्ष, संजय बापट पूर्व जिला महामंत्री, निर्मला सप्रे विधायक बीना, धरमू राय पूर्व विधायक, पूर्व महिला मोर्चा अध्यक्ष प्रीति नायक, ज्योति दुबे उपाध्यक्ष महिला मोर्चा, वैभव दुबे प्रदेश कार्य समिति सदस्य युवा मोर्चा, आकाश सिंह गोदना,लोकेंद्र ठाकुर, शुभम तिवारी, खूबसिंह कुशवाहा, चित्तरसिंह राजपूत, आर्यन जैन, भरत लोधी, मुकेश पटेल, संतोष सिंह ठाकुर, संजय सिंह, संदीप तिवारी, शंकर लाल दांगी, पुष्पेंद्र नेहरौन, पृथ्वी राजपूत, रूपेश श्रीवास्तव, सोनू यादव, सिद्धार्थ सेन, राजा ठाकुर, रूपेश मालाखेड़ी, अभिषेक ठाकुर, अमर प्रताप सिंह। नाथू सिंह यादव पूर्व मंडल अध्यक्ष, दिनेश जैन भानगढ़, नीलेश पटेल सरपंच, बलभद्र सिंह बुंदेला, अजय पटेल, गजेंद्र यादव, सुरेश विश्वकर्मा धनसिंह सेन, नरेश नायक, संदीप दांगी उपाध्यक्ष नगर पालिका बासौदा, आशीष सिंह बीना, अमित ठाकुर, हीरेंद्र ठाकुर, संजय ठाकुर, छोटू ठाकुर, कृष्ण कुमार ठाकुर, नारायण तिवारी,गौरव ठाकुर,हर्ष ठाकुर,रामराज ठाकुर,जितेंद्र ठाकुर, इंद्रराज ठाकुर,अर्जुन ठाकुर, वृंदावन अहिरवार,रवि बंसल, सुरेंद्र ठाकुर, प्रदीप ठाकुर,आकाश ठाकुर,मोहन सिंह, राममिलन दांगी, जुगल तिवारी, मनोज तिवारी, अशोक फौजदार, कमली राय, दिनेश जैन, नीलेश पटेल, अजय पटेल, गजेंद्र यादव, सुरेश विश्वकर्मा उपस्थित रहे।

# पटवारी का 20 हजार मांगने का वीडियो हुआ वायरल एसडीएम देवेंद्र प्रताप सिंह ने किया सस्पेंड

## अतिक्रमण की कार्रवाई रुकवाने के ऐवज में मांगे थे रुपए

**राजेश बबेले**

परिहार गर्जना न्यूज। बीना/पटवारी का 20 हजार मांगने का वीडियो हुआ वायरल एसडीएम देवेंद्र प्रताप सिंह ने किया सस्पेंड,अतिक्रमण की कार्रवाई रुकवाने के ऐवज में मांगे थे रुपए।मिली जानकारी के अनुसार बीना ब्लॉक के ग्राम भानगढ़ में अतिक्रमण को लेकर दो पक्षों में विवाद चल रहा था। शिकायत के आधार पर तहसीलदार ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की थी।





अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के बाद एक वीडियो सामने आया है, जिसमें पटवारी अवध असाटी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई को रोकने के लिए 20 हजार रुपए की मांग कर रहा है। वीडियो सामने आने के बाद एसडीएम देवेंद्र प्रताप सिंह ने पटवारी को निलंबित कर दिया है।

***यह है पूरा मामला***

शिकायत के बाद कुछ दिनों पूर्व तहसीलदार सुनील शर्मा ने पटवारी के साथ निरीक्षण कर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की थी। अतिक्रमण हटाने के साथ ही भगवत पटेल को उनके खेत तक जाने का रास्ता दिया गया था। इसके बाद दूसरे पक्ष से प्रताप सिंह पटेल के भतीजे के शव पटेल ने पटवारी से बात की और इस दौरान पटवारी से अतिक्रमण हटाने के बदले में सामने वाले पक्ष ने कितने रुपए देने की बात पूछी। जिस पर पटवारी 30 हजार रुपए देने की बात कर रहा है। साथ ही अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई रोकने बदले 20 हजार रुपए मांगे। साथ ही पार्टी के लिए खर्चा करने की बात कही और मुर्गा खाने की बात कहते हुए पटवारी वीडियो में नजर आ रहा है।

***दूसरे पक्ष ने की थी शिकायत***

प्रशासन ने प्रताप पटेल के कब्जे से करीब दो एकड़ शासकीय भूमि मुक्त कराई है और इस कार्रवाई को लेकर उन्होंने मुख्यमंत्री के नाम शिकायत की है। किसान का आरोप है कि बिना सूचना के कार्रवाई की गई है। इसके अलावा पेड़ भी काट दिए गए हैं।

***इनका कहना है***

**मामले की जांच की जा रही है**

बीना एसडीएम देवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मामले को संज्ञान में लेते हुए वीडियो के आधार पर पटवारी को निलंबित कर दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। इसके बाद आगे की कार्रवाई करेंगे।

***एसडीएम देवेंद्र प्रताप सिंह***

**सभी आरोप निराधार हैं**

पंचनामा बनाने के बाद अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई है और पेड़ भी नहीं काटे गए हैं। शासकीय जमीन से अतिक्रमण हटाया है। सभी आरोप निराधार हैं। ***तहसीलदार सुनील शर्मा***

# भगवान महावीर स्वामी का निर्वाणोत्सव

## एक नवंबर को लाडू चढ़ाकर मनायेगे निर्वाण महोत्सव

परिहार गर्जना न्यूज। सागर / भगवान महावीर स्वामी का 2551 वां निर्वाण लाडू महोत्सव पूरे देश में एक नवंबर को सुबह छह बजे से मनाया जाएगा। प्रत्येक जैन मंदिरों में लाडू महोत्सव के लिए तैयार शुरू हो गई है। जिन मंदिरों में भगवान महावीर स्वामी मूल नायक भगवान के रूप में विराजमान है। वहाँ पर अनेकों कार्यक्रम सम्पन्न होंगे।

मुनि सेवा समिति के सदस्य मुकेश जैन ढाना ने बताया कि कई मंदिरों में लाडू बनाओ प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाता है। सुबह 6 बजे से जैन मंदिरों में अभिषेक, शांति धारा, पूजन के पश्चात बोली लगाई जाएंगी और श्रावकों को लाडू चढ़ाने का अवसर प्राप्त होगा। मन्दिरों में लाडू चढ़ाने के पश्चात् जैन श्रद्धालुओं के घरों में पूजन होगी और दीप भरकर पूजन होगी जैनाचार्य, मुनिराजो और आर्यिकाओं के चातुर्मास का निष्ठापन भी एक नवंबर को हो जाएगा। इस दिन सभी साधुओं का उपवास रहेगा। इसके पश्चात पिच्छिका परिवर्तन के कार्यक्रम अलग-अलग तारीखों में होंगे। गुरु पूर्णिमा पर कलश स्थापना के साथ चातुर्मास शुरु होता है और दीपावली पर निर्वाणोत्सव के उपरांत चातुर्मास का निष्ठापन हो जाता है पिच्छिका परिवर्तन के उपरांत साधु संघों के बिहार दूसरे स्थलों के लिए होना प्रारंभ हो जायेंगे। कई स्थानों पर पिच्छिका परिवर्तन की तारीखें तय हो गई है और और कई स्थानों पर जल्दी ही तारीखे तय हो जाएंगी।

# एसपी ने किया जन संवाद-आसपास होने वाली किसी भी प्रकार की वारदात की तुरंत पुलिस को सूचना दें

## पुलिस को दिए सख्त निर्देश मेरे सामने नहीं आना चाहिए शिकायत



**सौरभ खरे**

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। नवागत पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने थाना चंदेरा का निरीक्षण किया एवं ग्राम के गणमान्य नागरिकों से संवाद किया इसी अवसर पर ग्राम के नागरिकों ने अपने अपने ग्राम की समस्याएं पुलिस अधीक्षक को बताई जिस पर पुलिस अधीक्षक ने संवाद किया और नागरिकों को पूर्ण भरोसे में लेकर समस्याओं का जल्द ही निराकरण करने का भरोसा दिया और थाना प्रभारी नीतू खटीक सहित स्टाफ को निर्देश दिए हैं की जन संवाद में नागरिकों के द्वारा बताई गई समस्याओं पर विशेष ध्यान दिया जाएं इसी अवसर पर उन्होंने सख्त निर्देश देते हुए कहां कि किसी भी प्रकार की पुलिस की शिकायत मेरे पास नहीं आना चाहिए 90% जनता अपराधी नहीं होती है पुलिस जनता से भाईचारे से संवाद करें चेकिंग के दौरान लोकल के आदमी को अनावश्यक परेशान न किया जाएं कोई भी फरियादी पुलिस के पास आता है तो उसकी पूरी बात सुनी जाएं और अपराधी किसी भी प्रकार से बक्सा नहीं जाएं चाहे कोई भी हो ग्राम मे और क्षेत्र में पुलिस के द्वारा निरंतर गस्त किया जाए इस अवसर पर जतारा एसडीओपी अभिषेक गौतम चंदेरा थाना प्रभारी नीतू खटीक भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. महेंद्र कुशवाहा, विश्वनाथ सिंह बुंदेला, देवकीनंदन शुक्ला, अशोक नायक, डॉ संजय श्रीधर, डॉ मुन्ना लाल रजक , मडोरी सरपंच देवेंद्र सूत्रकार, कछियागुड़ा सरपंच प्रतिनिधि मनोज कुमार गुप्ता, पठारी सरपंच मोहनलाल कुशवाहा, रानू चौरसिया, अरविंद यादव, ओमपाल यादव, प्रताप सिंह यादव, राजेंद्र सिंह बुंदेला, चंदन अहिरवार, राहुल सुत्रकार ,वीरेंद्र कुमार जैन सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहें।

# समाजसेवी ने आदिवासी बस्ती में बच्चों के साथ मनाया जन्मदिन शिक्षण सामग्री की वितरित



परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। भारत स्वाभिमान ट्रस्ट जिलाध्यक्ष समाजसेवी नारायणदास वर्मा ने अपना जन्मदिन अलग ही ढंग से मनाया हैं आज उन्होंने नगर की आदिवासी बस्ती में पहुंच कर वहां मौजूद बच्चों को शिक्षण सामग्री एवं मिठाई वितरित कर जन्मदिन मनाया हैं उन्होंने कहा जब जन्मदिन बच्चों के बीच पहुंचकर मनाया तो लगा की आज सच्ची सेवा कर रहे हैं। जिससे मैं आप सभी को संदेश देना चाहता हूं की जो भी अपना जन्मदिन मनाते हैं, वह गरीब बस्ती आदिवासी बस्ती अनाथालय जैसी पवित्र जगहों पर जाकर मनाएं। उन्होंने कहा मेरे द्वारा लगातार शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों को प्रेरित किया जा रहा है। जिससे जिलें का शिक्षा का स्तर बढ़ सकें आज जो इन बच्चों के बीच जन्मदिन मनाया इससे भी मुझे बहुत कुछ सिखने को मिला हैं। श्री वर्मा ने कहां जब बच्चों के हाथों में पढ़ाई सामग्री दी तो अलग ही चेहरे पर खुशी देखने को मिली जिससे फिजूल खर्च से बचें और अपना जन्मदिन ऐसे ही मनाएं इस अवसर पर राकेश भास्कर, अनिल रजक, पुनीत सागर,रवि राज सूर्यो, राजेन्द्र आदिवासी, बृजेश आदिवासी सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहें।

# रिटायर्ड बैंक कर्मी के घर चोरी, 5 फीट ऊंची बाउंड्रीवॉल फांदकर मकान के अंदर घुसा चोर

टीकमगढ़। शहर के रिहाइशी इलाके में शनिवार देर रात चोरी की घटना सामने आई है। वार्ड नंबर 17 में पुलिस लाइन के पीछे रिटायर्ड बैंक कर्मचारी के मकान में घुसकर अज्ञात आरोपी ने चोरी की घटना को अंजाम दिया।



चोरी की पूरी वारदात मकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। आरोपी साफतौर पर घर में घुसकर पानी भरने की मोटर चुराकर ले जाते हुए दिख रहा है। मामले की शिकायत कोतवाली थाने में दर्ज कराई गई है। पुलिस परेड ग्राउंड के पीछे निवासी रिटायर्ड बैंक कर्मी रवि खरे ने बताया कि मकान में वे अपनी पत्नी के साथ रहते हैं। बेटा और बहु बाहर रहते हैं। शनिवार रात वह अपने घर पर थे। देर रात करीब 11 बजे मकान के बाहर का दरवाजा बंद कर सो गए। सुबह उठकर देखा तो मकान के पोर्च में रखा टुल्लू पंप गायब मिला। इसके बाद उन्होंने सीसीटीवी कैमरा एक्सपर्ट को बुलाकर जांच कराई। सीसीटीवी में आरोपी घर में घुसकर टुल्लू पंप चुराकर भागते हुए दिखाई दे रहा है। उन्होंने बताया कि आरोपी ने चोरी की घटना को देर रात करीब 1 बजे अंजाम दिया है।

***रेलिंग से मकान के अंदर घुसा आरोपी***

रवि खरे ने बताया कि मकान के बाहर 5 फीट ऊंची बाउंड्रीवॉल बनी है। आरोपी बाउंड्रीवॉल के ऊपर लगी रेलिंग फांदकर मकान के अंदर घुसा। पोर्च में रखा टुल्लू पंप उठाया। इसके बाद रेलिंग से नीचे कूदकर कंधे पर टुल्लू पंप रखकर पैदल चला गया। उन्होंने सीसीटीवी फुटेज सहित मामले की शिकायत कोतवाली थाने में दर्ज कर दी है।

# 3 हजार रुपये के दो आरोपी, 2 हजार रुपये का एक आरोपी व एक स्थाई वारण्टी को किया गिरफ्तार



बल्देवगढ़। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मण्डलोई के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम एवं एसडीओपी राहुल कटरे के दिशा निर्देशन में कॉम्बिंग गस्त की कार्यवाही के लिए अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस थाना कुडीला की गठित टीम ने न्यायालय के धारा 457, 380 भादवि में अभियुक्त अनिल अहिरवार पिता रामदास अहिरवार निवासी बार थाना कुडीला का फरार चल रहा है। जिसको दस्तयाब कर न्यायालय में पेश करने पुलिस अधीक्षक द्वारा 3 हजार इनाम उदोघोषित किया गया। प्रकरण के आरोपी अनिल अहिरवार पिता रामदास अहिरवार उम्र 26 साल निवासी बार थाना कुडीला को गिरफ्तार किया गया। न्यायालय के प्रकरण क्रमांक 471/2020 धारा 379, 411 भादवि में फरार आरोपी विजोल उर्फबृजकिशोर लोधी पिता सरमन लोधी निवासी महोबिया खिरक चंदेरी को विधिवत गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार शुदा आरोपियो को न्यायालय टीगमगढ में पेश किया गया। पुलिस चौकी देरी से गठित टीम द्वारा माननीय न्यायालय के प्रकरण क्रमांक 1848/2017 धारा 294. 323,506.427.452 भादवि में फरार अभियुक्त राकेश अहिरवार पिता बाबूलाल अहिरवार निवासी बिलारी खेरा पिपरा थाना कुडीला का 3000 रुपये उदघोषित इनामी को गिरफ्तार किया गया एवं थाना कुडीला के अपराध क्रमांक 156/2018 धारा 341,327,294,506, 323 भादवि में फरार आरोपी भज्जू उर्फ श्यामलाल बंशकार पिता लक्ष्मण बंशकार उम्र 40 वर्ष निवासी टीला थाना कुडीला का धारा 299 जा. फौ. में फरार, इनाम 2 हजार को विधिवत गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार शुदा उपरोक्त आरोपियों को न्यायालय पेश किया गया। कार्यवाही में मनोज कुमार यादव थाना प्रभारी कुडीला, चन्दन शाक्य चौकी प्रभारी देरी, ऊदल सिंह, नीरज पाल, मनोज जाटव, अवनीश यादव, ललित कुशवाहा, रामकेश पटेल, अमित अहिरवार, अभिषेक कुर्मी, अनिल महेडिया, जगदीश, योगेन्द्र अहिरवार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# गुंडे बदमाशों के खिलाफअभियान चलाकर करे कार्रवाई- एसपी

जतारा। जिले के पुलिस अधीक्षक ने जतारा थाना का औचक निरीक्षण किया गया तथा पुलिस जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, इस दौरान नगर के लोगों ने एसपी का स्वागत एवं सम्मान किया गया है।



जानकारी देते हुए थाना प्रभारी अरविंद सिंह दांगी ने बताया कि रविवार को जतारा थाना परिसर में पुलिस जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के एसपी का जनसंवाद में आये गणमान्य लोग ने जोरदार स्वागत किया वहीं जिले के एसपी एवं नगर के लोगों के बीच जनसंवाद बारीकी बारीकी से किया गया जहां एसपी के समझ नगर लोगों के लोगों ने जतारा पुलिस की कार्यसेली की सराहना की। इस प्रकार संवाद के दौरान एसपी ने कहा है कि पुलिस चौकिंग करतीं हैं, तो उसमें लोक के लोगों के परिवाहानो की चेकिंग नहीं की जाए। यादि जो भी बाहरी व्यक्ति आता है, निश्चित चौक करे तथा चालान की कार्रवाई की जाए। एसपी ने कहा कि गुंडे बदमाशों के खिलाफसख्त कार्रवाई की जाएगी, जिससे आमजन चौन से रहे सट्टा जुआ अवैध शराब पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाया जाए। यादि कहीं भी अवैध कार्य चल रहा है और यादि पुलिस के खिलाफशिकायत करता है, तो उसी वीट के प्रभारी के विरुद्ध सख्त कारावही की जाएंगी, तो वहीं महिलाओं की सुरक्षा के बारे विभिन्न नये नियमों के बारे में बताया तो वही जन संवाद के बाद थाना के विभिन्न कक्षों का औचक निरीक्षण किया तों वहीं थाने के विभिन्न रिकार्ड को देखा। इस प्रकार थाना जतारा के पुलिस बल से मुलाकात की। इस दौरान जनसंवाद में जतारा एसडीए शैलेन्द्र सिंह, तहसीलदार वंदना सिं एसडीओपी अभिषेक गौतम, थाना प्रभारी अरविंद सिंह दांगी सहित नगर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# सूने घर का ताला तोड़कर ढाई लाख की चोरी, पुलिस को सौंपे फुटेज

टीकमगढ़। इंद्रपुरी कॉलोनी के सूने मकान में चोरी हो गई। घर के सब लोग ताला लगाकर गांव गए हुए थे। शनिवार रात आरोपियों ने मकान का ताला तोड़कर घर में रखे सोने-चांदी के जेवरात और नकदी चोरी कर ली। रविवार सुबह पड़ोसियों ने मकान का ताला टूटा देखा तो परिवार को सूचना दी। इंद्रपुरी कॉलोनी निवासी चंद्रकुमार जैन ने बताया कि वे मूल रूप से लार गांव के रहने वाले हैं। शनिवार सुबह दीवाली की साफ-सफाई कराने के लिए पत्नी और बच्चों के साथ गांव गए थे। रविवार सुबह पड़ोसियों से मकान का ताला टूटने की सूचना मिली। घर आकर देखा तो पूरा सामान बिखरा पड़ा था। उन्होंने बताया कि चोर अलमारी तोड़कर सोने की एक चेन, सोने की 2 अंगूठी, चांदी की एक जोड़ी पायल और करीब 50 हजार रुपए कैश ले गए। उन्होंने नकदी सहित कुल सामान की कीमत ढाई लाख रुपए बताई है। दोपहर करीब 1 बजे पीड़ित परिवार ने कोतवाली थाने में शिकायत की। चंद्रकुमार जैन ने बताया कि उनके मकान के बगल में सीसीटीवी कैमरा लगा है, जिसमें दो बाइक पर सवार होकर आए चार आरोपियों को देखा गया है। दो आरोपी गली के दोनों ओर खड़े हो गए। इसके बाद दो आरोपियों ने मकान के अंदर घुसकर चोरी की। परिवार ने पुलिस को चोरों के सीसीटीवी फुटेज सौंपे हैं।

# छत्रसाल पार्क में चालीस कर्मचारी पदस्थ होने के बावजूद पार्क की स्थिती बदतर



ऋषि मिश्रा

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/पन्ना जिला मुख्यालय में स्थित छत्रसाल पार्क राजेन्द्र उद्यान सबसे पुराना पार्क है, जिसका उद्याटन तत्कालीन राष्ट्रपती राजेन्द्र प्रसाद द्वारा सन् 1956 में किया गया था। तथा उक्त पार्क नगर पालिका के आधीन संचालित है, संबंधित पार्क पूर्व में बहुत सुन्दर एवं अच्छा था एवं अनेक प्रकार के फूल एवं पौधे लगें हुए थें। लेकिन वर्तमान समय में पार्क की स्थिती बदतर है। पार्क में फूल ढूड़नें के लिए ही नहीं मिलतें है। पार्क में नगर पालिका द्वारा चालीस कर्मचारी पार्क की देखरेख के लिए रखे गयें है। लेकिन पार्क में बमुश्किल आधा दर्जन से भी कम कर्मचारी काम करते नजर आतें है। क्योकि अधिकांश कर्मचारी नेता अधिकारीयों के घरों मे सेवाए दे रहे है। पार्क मे चारो तरफ गंदगी का आलम है, जगह जगह, कचरे के ढेर लगें हुए है। झाड, झंगाड तथा वर्षात में होने वाला चारा एवं विभिन्न प्रकार के अनावश्यक पेंड़ पौधे लगें हुए है। पार्क मे लगाई गई, दस लाख की जिम पूरी तरह से खराब हो गई है, बच्चो के खेलने के लिए कोई भी प्रकार के झूला तथा अन्य साधन नहीं है। पानी का फव्वारा लगाया गया था वह भी खराब हालत में है। लाखो रूपये की लागत से ट्रेन एवं पटरी बनाई गई थी वह भी वर्षो से खराब पड़ी हुई है। लोगो को योगा करने के लिए सेड नगर पालिका द्वारा बनाया गया है लेकिन वह बमुश्किल बारह बाई पन्द्रह में केवल शमसान घाट की तरह सेड खड़ा कर दिया गया है। किसी प्रकार का चबुतरा आदि का निर्माण नहीं किया गया है। इस प्रकार से प्राचीन छत्रसाल पार्क की दुर्दशा को देखा जा सकता है, जबकी पार्क में घूमने के लिए बाहर दूर दराज से प्रतिदिन सैकड़ों लोग आते है, लेकिन बदतर स्थिती देख कर चले जातें है। स्थानीय लोगो नें जिला प्रशासन से पार्क की व्यवस्था में सुधार कराये जाने की मांग की है।

# पत्रकारों के साथ पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही को लेकर नेता प्रतिपक्ष ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

## जांच कराने तथा दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही करनें की रखी मांग

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/प्रदेश में लगातार पत्रकारों के साथ अधिकारीयों द्वारा वास्तविक खबरें प्रकाशित करने को लेकर उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है। जिसकों लेकर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार नें मुख्यमंत्री मोहन यादव को पत्र लिखकर मामलों की निश्पक्ष जांच करने तथा दोषी अधिकारीयों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की गई है। पत्र में उन्होनें उल्लेख करते हुए लेख किया है कि मुझे विदित हुआ है कि नर्मदापुरम जिले की कलेक्टर सोनिया मीणा और पन्ना जिले के एक पुलिस सब इंस्पेक्टर ने लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ पत्रकारों के साथ अपनी मर्यादा से बाहर जाकर दुर्व्यवहार और अपने अधिकारों का दुरुपयोग किया है। कलेक्टर नर्मदापुरम ने भोपाल के दो पत्रकारों कुलदीप सिंगोरिया और अभिषेक दुबे के साथ अपनी व्यक्तिगत कुंठा निकाली और उन्हें झूठे मामलों में उलझाया। यहां तक कि उनके परिजनों तक पर



कार्यवाही की गई। पहली घटना कुलदीप सिंगोरिया के साथ घटी। वे भोपाल में एक वेबसाइट श्खास खबरश का संचालन करते हैं। कलेक्टर सोनिया मीणा उनसे इसलिए नाराज हुई कि उन्होंने खाद लेने पहुंचे किसानों पर लाठीचार्ज की खबर दिखाई थी, जो सोनिया मीणा को रास नहीं आई। इसलिए उन्होंने कुलदीप सिंगोरिया को फंसाने की कोशिश की, पर जब सफल नहीं हुई, तो उनकी बहन जो नर्मदापुरम जिले में आंगनवाडी कार्यकर्ता है उसे अपने अफसरों से परेशान किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को कारण बताओ नोटिस जारी करवाया। निरर्थक जांच कर रात 10 बजे प्रशासनिक अमले ने गांव पहुंचकर परिवार को नोटिस थमाया। दूसरी घटना, भोपाल में श्नारद मुनिश् वेबसाइट चलाने वाले अभिषेक दुबे के साथ हुई। उनके खिलाफ तो कलेक्टर ने मानहानि का केस दायर कर रखा है। हाल ही में कलेक्टर ने नर्मदापुरम कोर्ट के जरिए अभिषेक दुबे की जमानत रद्द कर उन्हें जेल भेजने के लिए भी नोटिस जारी करवाया है। दोनों वरिष्ठ पत्रकारों के प्रति उनकी ये दुर्भावना निश्चित रूप से पत्रकारिता को नुकसान पहुंचाने वाली है। लगता है उन्हें अपनी प्रशासनिक ताकत के दुरुपयोग की आदत सी हो गई। वे अपनी इस कुंठा के लिए पूरे जिले के प्रशासनिक अमले का उपयोग कर रही है। इस पर तत्काल अंकुश लगाने की जरूरत है। तीसरी घटना पन्ना जिले के शाहनगर थाना अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्र टिकरिया में घटी जब वहां के पत्रकार सतीश विश्वकर्मा के साथ पुलिस ने मारपीट की। बृजपुर में पदस्थ सब इंस्पेक्टर भानु प्रताप सिंह ने उन्हें सरेआम पीटा। उनकी उंगली में फ्रेक्चर हो गया और वे अस्पताल में भर्ती किए गए। इसके बाद पत्रकार के खिलाफ शासकीय काम में बाधा डालने का केस भी दर्ज कर लिया। पत्रकार ने कवरेज के लिए एसआई की अवैध कार्यवाही का वीडियो बनाया, जिससे एसआई नाराज हुआ। ये किस तरह की हिटलरशाही है? इस घटना के खिलाफ पन्ना जिले के पत्रकार एकजुट हुए और उन्होंने धरना दिया। ये तीनों घटनाएं सीधे-सीधे पत्रकारों को उनका दायित्व निभाने से रोकने वाला कृत्य है। न तो नर्मदापुरम की कलेक्टर सोनिया मीणा को पत्रकारों के खिलाफ कार्रवाई का अधिकार है और पन्ना जिले के एसआई को पत्रकार के साथ बेवजह मारपीट करने का प्रदेश में पत्रकारों को जिस तरह निशाने पर लिया जा रहा है, वो असहनीय है। श्री सिंघार नें कहा कि उक्त तीनों मामलो की निश्पक्ष जांच कराई जाये तथा दोषी अधिकारीयों के खिलाफ कार्यवाही की जाये। यह प्रजातंत्र के हित में है तथा उन्होने मुख्यमंत्री मोहन यादव का भरोसा जताते हुए निष्पक्ष जांच कराने की उम्मीद की है।

# स्टेट बैंक पन्ना मुख्य शाखा की व्यवस्थाए चरमराई उपभोक्ता परेशान

दयाशंकर दीक्षित

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/स्टेट बैंक पन्ना मुख्य शाखा के उपभोक्ता इन दिनां बैंक की लचर व्यवस्था से भारी परेशान है, स्टेट बैंक के कर्मचारी उपभोक्ताओं से अभद्रता पूर्वक




व्यवहार करते है तथा किसी भी कार्य के लिए पंहुचने वाले उपभोक्ताओं को परेशान करते है। एवं काम न करते हुए लगातार टाल मटोल करतें है। बैंक में पास बुक बनवाने आधार कार्ड, कवाईसी करवानें, बैंक बेलेन्स पता करने सहित बैंक के अन्य कार्यो के लिए उपभोक्ता पंहुचते है लेकिन उनको कोई जानकारी बैंक कर्मियों द्वारा नहीं दी जाती है। अनेक सीटे खाली रहतीं है कर्मचारी भी नहीं बैठते है। इन तमाम समस्याओं को लेकर स्टेट बैंक के लापरवाह पूर्ण रवैया से लोग परेशान है। कार्य कराने के लिए आने वाले उपभोक्ता लाईन में लगें रहते है समय के पूर्व लंच हो जाता है या सर्वर का बहाना बना दिया जाता है तथा लंच समय पूर्ण हो जाने के बावजूद समय से संबंधित कर्मचारी अपनी सीट पर नहीं बैठतें है। इस प्रकार अनेक प्रकार की समस्याओं से स्टेट बैंक मुख्य शाखा पन्ना की कार्यप्रणाली से लोग परेशान है। स्थानीय उपभोक्ताओं ने स्टेट बैंक के वरिष्ट अधिकारीयों तथा जिला प्रशासन से बैंक की व्यवस्था में सुधार कराये जाने की मांग की है।

# बारुद पटाखो से आवासीय बस्ती में सकता है बड़ा हादसाः-थाना प्रभारी

पन्ना/पन्ना कोतवाली नगर निरीक्षक रोहित मिश्रा ने कहा कि आवासीय बस्ती में बारूद पटाखा रखने से जनहानि और धन हानि दोनों होने की संभावनाएं होती हैं। ऐसे में व्यापारी वर्ग खेतों में अपना गोदाम स्थापित करें जहां पर किसी भी प्रकार की जनहानि ना हो सके। उन्होंने कहा कि जिस गोदाम को आप बारूद पटाखें का बनाएं उस पर किसी भी प्रकार का विद्युत कनेक्शन ना रखें, और ना ही वहां पर किसी भी प्रकार का धूम्रपान करने वाले व्यक्तियों को भेजें। इसके साथ ही बारूद पटाखा उठाने में सावधानी बरते, ताकि किसी भी प्रकार का हादसा घटित ना हो सके। कोतवाली नगर निरीक्षक रोहित मिश्रा ने अपने कोतवाली थाना क्षेत्र के समस्त बीट प्रभारीयों को भी निर्देश दिए हैं। कोतवाली थाना क्षेत्र की आवासीय बस्ती में यदि कोई व्यापारी चोरी छिपे बारूद पटाखे का गोदाम स्थापित किया हुए हैं, तो उनका सभी माल जप्त कर कानूनी कार्यवाही करें। ताकि शहर गांव में किसी भी प्रकार की घटना घटित ना हो सके। कोतवाली नगर निरीक्षक रोहित मिश्रा ने कोतवाली थाना क्षेत्र के समस्त गणमान्य नागरिकों एवं समाजसेवियो से अपील करते हुए कहा है कि यदि आपके आवासीय इलाके में किसी भी जगह पर कोई चोरी छिपे जुआ संचालित करता है या किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधियां संचालित कर रहा है, तो वह कोतवाली में पहुंचकर अपनी सूचना मुझे पहुंचाएं, उनकी जानकारी को पूर्णता गोपनीय रखा जाएगा और सख्त से सख्त कार्यवाही अपराधियों पर की जाएगी।

# वीरेंद्र द्विवेदी कांग्रेस पार्टी के प्रदेश महासचिव बने जिले के लोगो नें दी बधाईयां

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/बहु प्रतीक्षित मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी बीते दिवस आलाकमान की स्वीकृति मिलने के बाद घोषित कर दी गई है। जिसमें पन्ना जिले से एक मात्र कांग्रेस नेता वीरेंद्र द्विवेदी को महासचिव बनाया गया है। हालांकि श्री द्विवेदी का नाम इस कार्यकारिणी में आएगा यह पूर्वानुमान था कारण यह है कि वह लंबे समय से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के साथ काम कर रहे हैं और उनके निकटतम लोगों में जाने जाते हैं। श्री द्विवेदी इसके पूर्व में भी प्रदेश कांग्रेस कमेटी में महासचिव के पद पर कार्य कर चुके हैं उनकी राजनीतिक सफर की शुरुआत कांग्रेस के छात्र संगठन एन एस यू आई से शुरू हुई उसमें प्रदेश स्तर पर



काम किया उसके बाद संपन्न हुए वर्ष 2011में युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ा इसमें वह दूसरे नंबर पर रहे और प्रदेश उपाध्यक्ष के रूप में काम करने का अवसर मिला। श्री द्विवेदी को कांग्रेस संगठन के चुनाव वर्ष 2022 में एपीआरओ बनने का मौका मिला और वह मेघालय राज्य के सह चुनाव प्रभारी बनाये गये थे। उसके पूर्व वर्ष 2017 में दूसरे राज्य में जिला निर्वाचन अधिकारी बनाया गया था। वर्तमान में एआईसीसी के मेंबर भी है। श्री द्विवेदी को प्रदेश महासचिव बनाए जाने पर जिले के कांग्रेस कार्यकर्ताओं, पार्टी पदाधिकारीयों, ईष्ट मित्रो, शुभ चिंतको नें हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है तथा शीर्ष नेत्रत्व का आभार व्यक्त किया है।

# डूमर के जंगल में 43 नग बैलों के शव मिलने से मची अफरा-तफरी

## थाना प्रभारी नोहटा जांच पड़ताल में जुटे, गौ तस्करी की आशंका







**राजकुमार दुबे**

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह। जिले के नोहटा थाना अंतर्गत सत्रह मील और ग्राम पंचायत डूमर के जंगल में 43 नग बैल मृत पड़े होने की सूचना पर नोहटा थाना प्रभारी सहित पुलिस स्टॉफ के साथ जबेरा नायब तहसीलदार राजेश साहू मौका स्थल पर पहुंचे , पड़े हुए 43 नग गौवंश को देखकर अंदेशा लगाया जा रहा है की मामला गो तस्करी से जुड़ा हुआ हो सकता है गो तश्कर बड़ी ही बेरहमी से किसी मॉल वाहक वाहन में इन बैलों को भरकर कही ले जा रहें होंगे किन्तु रास्ते में ही बैलों की मौत हो जाने से रात्रि में अंधेरे का फायदा लेकर डूमर से लगे जंगल में डाल दिया गया मामला बड़ा ही गम्भीर है, गो माता को पूजने वाले देश में किस तरह गो वंश की बेरहमी से तस्करी की जाती है, सवाल तो प्रशासन पर भी खड़ा हो रहा है, कुछ समय पहले सिग्रामपुर में जाम लगा हुआ था तब भी एक मांस से भरा हुआ कंटेनर पकड़ा गया था जिसका चालक गाड़ी छोड़कर भाग गया था, आज इस तरह से 43 नग बैल के जंगल में मिलने से मौका स्थल पर पहुंचे तहसीलदार राजेश साहू और थाना प्रभारी अरविन्द सिंह लोधी का कहना है कि उन्हें वन विभाग के चौकीदार द्वारा जानकारी दी गई की डूमर गांव के पास के जंगल में वनविभाग की जगह पर 43 नग गौवंश बैल मृत अवस्था में डले है, जिसकी छानबीन की जा रही है साथ ही वरिष्ठ अधिकारियों को इसकी सूचना दी गई है, अज्ञात के द्वारा किसी वाहन में भरकर बैलों को कहीं ले जा रहा था जो की इनके मृत हो जाने से इन गो वंशो को जंगल में डाला गया है, अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है, आगे जांच कार्यवाही की जा रही है।

# बच्चों की शिक्षा, राशन और उनकी बाकी सुविधाओं के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे -कलेक्टर श्री कोचर

### मानस भवन में आनंद विभाग के सौजन्य से जिला प्रशासन एवं सामाजिक संगठनों द्वारा अनाथ बच्चों के साथ दिपाली का पर्व मनाया, बच्चों को वितिरित हुई कंबल सहित अन्य सामाग्रियां

*परिहार गर्जना न्यूज। दमोह 27 अक्टूबर। ऐसे परिवार जिनके बच्चों ने अपने माता-पिता को खो दिया है, उनके साथ पूरा समाज और पूरा प्रशासन है। आज इसी की अभिव्यक्ति के लिए यह कार्यक्रम आनंद विभाग की सौजन्य से किया गया, इसमें जनप्रतिनिधि शामिल हुए। बच्चों को कुछ उपहार समाज की तरफ से वितरित किए गए। इस आशय की बात आज मानस भवन में मानस भवन में आनंद विभाग के सौजन्य से जिला प्रशासन एवं सामाजिक संगठनों द्वारा आयोजित अनाथ बच्चों के साथ दिपाली का पर्व कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कही। उन्होंने कहा इनके हर सुख-दुख में साथ रहेंगे, इनको महसूस नहीं होने देंगे कि उनके परिवार में कोई सदस्य नहीं है, इसी भावना को व्यक्त करने के लिए आज यह कार्यक्रम हुआ हैं। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष सुषमा ठाकुर, प्रभारी अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर बृजेश कुमार सिंह, नरेन्द्र दुबे, गायत्री परिवार के सदस्य अर्जुन पटेल मंचासीन रहे।*



कलेक्टर श्री कोचर ने कहा मां-बाप को खोने की पीड़ा से बड़ी इस दुनिया में कोई पीड़ा नहीं हो सकती, हम इस पीड़ा में एक अंश भी सहभागी बन सके तो यह हमारे लिए संतोष की बात होगी। बच्चे यह बिल्कुल ना समझे कि आपका कोई नहीं है, परिवार के दादा-दादी, नाना नानी, चाचा-चाचा के अलावा हम लोग भी इनके साथ हैं। मैं विश्वास दिलाना चाहता हूं कि इन बच्चों की पढ़ाई, लालन-पालन, इनके आगे बढ़ाने, जब तक ये 18 साल के नहीं हो जाते हैं तब तक उनकी सारी जवाबदारी हमारी है, यदि इनको कोई भी दिक्कत आती है, पढ़ाई, भोजन-पानी, हॉस्टल या किसी भी तरह की दिक्कत आती है तो हम लोगों को जरूर बताएं हम इन बच्चों के लिए जो बेहतर से बेहतर कर सकते हैं वह करेंगे ताकि इनको आगे बढ़ाने में कोई कठिनाई न हो। यह 18 साल की उम्र के बाद अपने पैरों पर खड़े हो और देश और समाज के लिए कुछ बेहतर कर सकें। उन्होंने बच्चों से और उनके साथ में आए लोगों से आग्रह करते हुए कहा आपको कोई भी छोटी सी भी दिक्कत हो तो हम लोगों को बताइए, हम आपके परिवार हैं आपके लिए जो कर सकते हैं करेंगे।

उन्होंने कहा बच्चों की समस्याएं पूछी गई हैं जिनमें कुछ चीज सामने आई, पैसा नहीं मिल रहा था, वह राशि शुक्रवार को डाल गई, उनसे अपने खाता चेक कराने के लिये कहा गया हैं, राशन पर्ची कुछ लोगों को नहीं मिलने की बात आई हैं उनसे कहा गया है कि अगले महीने से प्रॉपर्ली राशन मिलने लगेगा, प्रधानमंत्री आवास के बारे में कहा गया उसका भी परीक्षण कराया जाएगा। उन्होंने कहा इन बच्चों की शिक्षा, राशन और उनकी बाकी सुविधाओं के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे।

नगर पालिका उपाध्यक्ष सुषमा ठाकुर ने कहा जो बच्चे असहाय हैं, जिनके माता-पिता नहीं है उनके लिए दीपावली की पूजन सामग्री एवं कंबल वितरण किए गए हैं, ताकि उन बच्चों की दिवाली भी अच्छी रहे। उन्होंने कहा मैं शासन-प्रशासन और कलेक्टर सर का धन्यवाद करती हूं कि इस तरह के कार्यक्रम जिले में हो रहे हैं। उन्होंने जिले वासियों से आग्रह करते हुए कहा जो भी ऐसी असहाय, गरीब बच्चे हैं हमें भी व्यक्तिगत रूप से उनकी मदद करने का प्रयास करना चाहिए।

वरिष्ठ पत्रकार नरेंद्र दुबे ने कहा हमारे शब्दकोश में आनंद ही एक ऐसा शब्द है जिसका कोई पर्यायवाची शब्द नहीं है, जिससे खुशी मिलती हैं, प्रसन्नता मिलती हैं। आज उन लोगों को यहां आमंत्रित कर उनके साथ आनंद उत्सव मनाने का काम किया गया है जिनके परिवार में अब कोई नहीं है।



गौरव पटेल ने कहा मध्य प्रदेश शासन और जिला प्रशासन की यह शानदार पहल है कि जिन बच्चों के मां-बाप एक्सपायर हो गए हैं, उनके साथ दीपावली का त्यौहार धूमधाम से बनाया और उन बच्चों को सामग्री वितरण की जाएगी। उन्होंने कहा आमजन भी इस योजना में भागीदार बने, बच्चों के साथ सहभागिता निभाए जिससे वे अपने भविष्य का निर्माण कर सकें। उन्होंने कहा अपनों को खोने का दर्द हमेशा रहेगा लेकिन जो कमियां है वह शासन-प्रशासन और साथ में हम सभी सामाजिक लोग उन्हें संबल प्रदान करें।

गायत्री परिवार के सदस्य अर्जुन पटेल ने कहा यह कृतज्ञता व्यक्त करने का दिन है कि जो अब हम इकट्ठे हुए हैं। उन्होंने कहा जो सुख और आनंद का शब्द है यह हमें क्यों मिला, कैसे मिला, यह जो हमारे पूर्वज थे इनके सहयोग से, उनकी अच्छाइयों से और उनके श्रम-परिश्रम से समाज को जो सहयोग मिला है, हम और आप इसके कृतज्ञ हैं।

आनंद विभाग की ओर से नारियल, दिया, तेल, बाती, मिठाई सहित अन्य सामाग्री तथा कंबल भेंट छात्र क्रांति दल एवं छात्र सर्व कल्याण समिति दमोह के सहयोग से दमोह के वरिष्ठ समाज सेवी स्वर्गीय सुरेश पटेल जी की स्मृति में उनके पुत्र वैभव पटेल द्वारा प्रदान किए गए।

इस दौरान महिला सशक्तिकरण अधिकारी संदीप मिश्रा, नोडल अधिकारी कीर्तिकाम दुबे, सहायक नोडल रमेश व्यास, वरिष्ठ पत्रकार नरेन्द्र दुबे, गायत्री परिवार के सदस्य अर्जुन पटेल, मोंटी रैकवार, सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, विभिन्न सामाजिक संगठन, सम्मानीय मीडियाजन, आमनागरिक मौजूद रहे।

# शिक्षा राष्ट्र के विकास की नींव- अमर पाल सिंह

## -लोधी समाज ने जगाई शिक्षा की अनूठी अलख, शिक्षा से कोई नहीं रहेगा वंचित

## -लक्ष्य दिलायेगा हर गरीब को बेहतर शिक्षा, पुनः होगी विश्व पटल लोधी क्षत्रिय समाज की पहचान

## -बिना शिक्षा हर मंजिल अधूरी, मथुरा में हुआ लक्ष्य शिक्षा एवं राहतकोष फांउडेशन का प्रथम राष्ट्रीय अधिवेशन

आलोक तिवारी

परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा। शिक्षा राष्ट्र के विकास की नींव होती है। देश और समाज का विकास शिक्षा की धुरी पर ही टिका होता है। जिसकी शिक्षा मजूबत होगी उसका भविष्य उज्ज्वल होता है। ये विचार शनिवार को भारत सरकार के ज्वाइंट कमिश्नर आईआरएस एवं लक्ष्य के संरक्षक अमर पाल सिंह लोधी ने व्यक्त किए। वो कान्हा की नगरी में सौंख रोड स्थित मनोज गार्डन में दो दिवसीय लक्ष्य शिक्षा एवं राहतकोष फांउडेशन के प्रथम राष्ट्रीय अधिवेशन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होने कहा कि किसी भी समाज का उद्धार बगैर शिक्षा के संभव नहीं है। समाज के हर गरीब व्यक्ति को श्रेष्ठ शिक्षा मिलना भोजन से भी ज्यादा जरुरी है। 21 वीं सदी में लोगों को ढोंग, पांखड, सामाजिक कुरीतियों, अंध विश्वास से बिलकुल दूर हटना चाहिए। राष्ट्रीय अध्यक्ष जवाहर लाल वर्मा ने कहा कि समाजिक स्तर ऊपर लाने के लिए शिक्षा सबसे मजबूत कडी है। इसलिए हर व्यक्ति को अपने एवं समाज के बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलवाने के लिए पुरजोर प्रयास करने चाहिए। हर हांथ को काम की व्यवस्था होनी चाहिए। समय का सदपयोग होना चाहिए। प्रदेश अध्यक्ष नरेश कुमार लोधी ने कहा कि समाजिक संगठन के लिए हर इंसान को अपेक्षित सहयोग करना चाहिए। राजनीति के चलते विश्व के प्रथम क्षत्रिय का गौरव प्राप्त होने के बावजूद भी पिछडे वर्ग में गिनती हो रही है ये दुर्भाग्य है। जबकि देश व राष्ट्र के निमार्ण में लोधी राजपूत समाज ने हमेशा अग्रणी फर्ज निभाया है। मगर उनके योगदान को किनारे रखा गया है। ये भेदभाव अब नहीं होना चाहिए। राष्ट्रीय महासचिव पूरन सिंह पटेल ने कहा कि समाज में एकजुटता बनाए रखना बहुत जरुरी है, अगर आज भी पूरा समाज एक मंच पर हो तो हर सरकार को झुकाने की क्षमता होगी।




मथुरा के जिलाध्यक्ष एवं सेवानिवृत् एआरटीओ ओम प्रकाश राजपूत ने कहा कि शिक्षा समग्र विकास का बुनियादी ढांचा है। शिक्षा एवं सामाजिक विकास में आज लक्ष्य सबके सहयोग से मील का पत्थर साबित हो रहा है। पूरे देश में लक्ष्य की गूंज से सर्व समाज गौरान्वित हो रहा है। ये क्रम अनवरत चलते रहना चाहिए। उन्होने कहा कि वो समाज के लिए हर कुर्बानी देने को तैयार हैं। जिला महामंत्री इंजी कैलाश चंद्र लोधी ने कहा कि वो आखिरी सांस तक समाज के लिए समर्पित रहेंगे। शिक्षा की अलख जलाने में कोई कोर कमी नहीं छोडेंगे। डा. सतीश राजपूत ने कहा कि वह दिन दूर नहीं जब पुनः लोधी क्षत्रिय समाज की पूरे विश्व पटल पर अनूठी पहचान होगी। आजादी से लेकर आज तक देश् के हर आंदोलन में समाज ने हमेशा अहम भूमिका निभाई है। मगर जिसका श्रेय और लोग लेते रहे। मगर अब ऐसा नहीं होने दिया जायेगा।

वो आखिरी सांस तक समाज को अग्रसर करने का प्रयास करेंगे। एक व्यक्ति को शिक्षित कर रोजगार तक पहुंचाना एक बडी यज्ञ से भी ज्यादा है। मनोज गार्डन के डायरेक्टर ओम प्रकाश लोधी ने कहा कि वो समाज की सेवा लिए जीजान से हमेशा तैयार रहेंगे। समाजसेवक बलराज सिंह लोधी ने कहा कि संगठन पूरे साल नये आयाम लिखता रहता है। हर क्षेत्र में अपनी अहम भूमिका निभाता रहता है। इसमें काफी संख्या में युवा पीढी भाग ले रही है। एडवोकेट खेमचंद पटेल ने कहा कि समाज के साथ कभी अन्याय, छल एवं भेदभाव नहीं होने दिया जायेगा। महासचिव प्रो डा देवेन्द्र सिंह लोधी ने कहा कि समाज का क्षत्रिय गौरव इतिहास वीरगाथाओं से भरा पडा है। मगर इसका श्रेय दूसरे लोग लेते हैं। कार्यक्रम में हर जिले के लक्ष्य ने प्रगति रिपोर्ट प्रेषित की। कहां कितने कोंचिग एवं शिक्षण संस्थान शुरु हुए उनकी समस्त जानकारी दी गई। कार्यक्रम से पूर्व बाबा पातीराम सीनियर सेकेंड्री स्कूल सौंखं रोड, मथुरा के छात्र-छात्राओं ने स्वागत गीत, कवि सम्मेलन एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर संमा बांध दिया। सभी को भाव विभोर कर दिया

***देश के कोने-कोने से आए भारी संख्या में कार्यकर्ता***

लक्ष्य शिक्षा एवं राहतकोष फांउडेशन के प्रथम राष्ट्रीय अधिवेशन कार्यक्रम देश के कोने-कोने से समाज के लोगों ने प्रतिभाग किया है। इसमें 23 प्रदेशों के पदाधिकारियों ने विशेष भूमिका निभाई है। सभी ने अपने-अपने विचारों में एक स्वर से सामाजिक सुधार, शिक्षा एवं रोजगार की बात उठाई है। नौकरी की बजाय स्वरोजगार पर बल दिया गया है। कहा कि नौकरी करने वाले नहीं बल्कि नौकरी देने वालों बनो। मथुरा के 150 से अधिक मेधावी छात्र-छात्राओं को उनके विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए। शील्ड एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित कर उनको प्रोत्साहित किया गया।

***कार्यक्रम में इनका रहा विशेष सहयोग***

मथुरा। लक्ष्य शिक्षा एवं राहतकोष फांउडेशन प्रथम अधिवेशन में प्रमुख रुप से आईआरएस अमर पाल सिहं लोधी, प्रदेश अध्यक्ष नरेश कुमार लोधी, महासचिव प्रो डा देवेन्द्र सिंह लोधी, जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश राजपूत, जिला महामंत्री कैलाश चंद लोधी, डा. सतीश राजपूत, एसडीओ डीपी सिंह, सतीश राजपूत, डा अरविंद राजपूत, एडवोकेट खेमचंद पटेल, बलराज सिंह लोधी, विनीता राजपूत, शिवलाल लोधी, जवाहर सिंह पटेल,पवन लोधी, देवदत्त आचार्य, चंद्रशेखर शास्त्री, शैलेन्द्र सिंह लोधी, अजय कुमार, राकेश वर्मा, राधा वर्मा, नीरज मथुरिया, प्रोफेसर नीलम राजपूत, विमलेश राजपूत, यशपाल सिंह लोधी, वर्षा लोधी, नरेश बाबू लोधी, देव कुमार, मनोज वर्मा, आरके सिहं फौजी, राजू राजपूत, दिनेश राजपूत, इंजी अमन राजपूत, इंजी दीपक राजपूत, उमेश राजपूत, मनीष पटेल, नीतेश राजपूत, पुनीत लोधी, सीए राजन सिंह राजपूत, इंजी रूबी लोधी विशेष सहयोग, मनोज गार्डन के स्वामी ओमप्रकाश लोधी, मनोज राजपूत सहित सैकडों लोगों ने कार्यक्रम में विशेष सहयोग किया।

# दीपोत्सव के अवसर पर बीएसए कॉलेज में अत्याधुनिक टॉयलेट्स एवं कैंटीन का उद्घाटन

परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा बी एस ए महाविद्यालय में छात्रों, शिक्षकों और स्टाफ की सुविधाओं के मद्देनजर एक अत्याधुनिक यूटिलिटी कॉम्प्लेक्स जिसमें आधुनिक टॉयलेट्स हैं एवम् कैंटीन का उद्धघाटन किया गया। साथ ही दीपोत्सव का भी भव्य आयोजन किया गया, जिसने पूरे परिसर को प्रकाश और उल्लास से भर दिया।



उद्घाटन समारोह में निदेशक उच्च शिक्षा डॉ अमित भारद्वाज , सहायक निदेशक उच्च शिक्षा बी एल शर्मा ,महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ललित मोहन शर्मा ,श्री जयंती लाल अग्रवाल,श्री ओ पी उपाध्याय,श्री शैलेश मिश्रा और अन्य गणमान्य अतिथि शामिल हुए। प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि महाविद्यालय में नई सुविधाओं का उद्देश्य स्वच्छ और प्रेरणादायक वातावरण का निर्माण करना है। उन्होंने कहा, इन सुविधाओं से छात्रों का कैंपस में अनुभव और भी सकारात्मक होगा। अपने प्रेरणादायक भाषण में निदेशक उच्च शिक्षा ने कहा कि, शैक्षिक संस्थानों में इस प्रकार की सुविधाएं विद्यार्थियों की शैक्षिक और व्यक्तिगत प्रगति में सहायक सिद्ध होती हैं। स्वच्छता और आरामदायक वातावरण शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।सहायक निदेशक उच्च शिक्षा ने भी छात्रों को संबोधित करते हुए कहा, यह पहल महाविद्यालय की प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जो छात्रों के शारीरिक, मानसिक और सांस्कृतिक विकास के लिए अनुकूल माहौल प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने दीपोत्सव की भी सराहना की और इसे भारतीय परंपराओं और संस्कृति को जीवित रखने का एक प्रेरणादायक कदम बताया।

इसके साथ-साथ आयोजित दीपोत्सव कार्यक्रम में छात्रों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में भाग लिया और महाविद्यालय परिसर को दीयों की रोशनी से सजाया। यह आयोजन छात्रों और शिक्षकों के बीच एकता और उत्साह का प्रतीक बना। महाविद्यालय के सांस्कृतिक विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। छात्रों और अभिभावकों ने इस पहल के लिए महाविद्यालय प्रबंधन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम शिक्षा के साथ-साथ संस्कृति से जोड़ते हैं, जो समग्र विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रोफेसर डॉ एस के राय, डॉ एस के सिंह,डॉ रवीश शर्मा, डॉ वी पी राय,डॉ यू के त्रिपाठी, डॉ बी के गोस्वामी , डॉ अशोक कौशिक, डॉ रेखा राय, श्री काश देव शर्मा ,डॉ रुद्राक्ष तिवारी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# भारत विकास परिषद द्वारा आयोजित समूह गान प्रतियोगिता में सुमति अकादमी के विद्यार्थियों ने लहराया परचम

छतरपुर। शहर के सुमति अकादमी के विद्यार्थियों ने भारत विकास परिषद द्वारा आयोजित समूह गान में शहर के अनेक विद्यालयों ने भाग लिया जिसमें सुमति अकादमी के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए सबसे ऊंची विजय पताका लिए हिमालय खड़ा रहेगा गीत की शानदार प्रस्तुति दी। जिसमें विद्यार्थियों ने तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय और शिक्षकों की गरिमा बढ़ाई। विद्यालय के चेयरमेन श्री सोमिल अग्रवाल, डायरेक्?टर श्रीमति भावना अग्रवाल एवं प्राचार्य श्री सुनील कुमार मिश्रा ने सभी विद्यार्थियों और संगीत शिक्षक ब्रह्मानंद शुक्ला और प्रशांत तिवारी को बहुत बधाई दी । शिक्षिका विनीता खरे और नाजिश सिद्दीकी के सहयोग को भी विद्यालय प्रबंधन और प्राचार्य ने बहुत सराहा ।



# लूट का फरार आरोपी गिरफ्तार

छतरपुर। माह अगस्त वर्ष 2017 में ग्राम हथौहा थाना हिनौता क्षेत्र अंतर्गत एक फरियादी की रास्ता रोक कर मोटरसाइकिल एवं पैसे लूटने संबंधी रिपोर्ट पर थाना हिनौता में भारतीय दंड संहिता के तहत लूट का अपराध पंजीबद्ध किया गया था, थाना हिनौता पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए घटना के 2 दिन बाद लूट के 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। अन्य आरोपी की तलाश जारी थी। फरार आरोपी लाला पाल उर्फ राजेन्द्र पाल पिता राजू पाल निवासी चंदला को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

# क्षत्रिय समाज का दशहरा मिलन हुआ संपन्न





***छतरपुर। छतरपुर के शहनाई गार्डन में श्री राष्ट्रीय क्षत्रिय महासभा अखंड भारत संस्था द्वारा दशहरा मिलन समारोह आयोजित किया गया था। जिसमें संपूर्ण जिले के क्षत्रिय समाज के लोग पहुंचे थे। जिनमें हर वर्ग और उम्र के लोग शामिल थे। कई रिटायर्ड कर्मचारी व अधिकारियों समेत पुलिस और फौज में अपनी सेवाएं दे चुके बुजुर्ग भी शामिल हुए।***

इसके अलावा भारी संख्या में युवाओं ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया सभी ने बड़ी-बड़ी से अपने वक्तव्य मंच के माध्यम से एक दूसरे के साथ साझा किया जिसमें क्षत्रियों के इतिहास उनके विकास के साथ-साथ समाज में किए गए उनके कई ऐसे कार्यों का उल्लेख किया गया जिसकी वजह से सामाजिक ताना बाना आज तक बना हुआ है। सभी ने क्षत्रिय कुल और एकता के लिए अपने-अपने अनुभवों को साझा किया। क्षत्रिय एकता और समाज में क्षत्रियों की भूमिका की सराहना करते हुए कोई रिटायर्ड अधिकारियों ने कहा कि उनके जीवन काल में कई ऐसे मोड़ आए जिसमें क्षत्रिय होने की वजह से उन्हें समाज से काफी प्रोत्साहन मिला।

पुष्पेंद्र प्रताप सिंह गुड्डू भैया ने सभी का मंदिर से आभार व्यक्त करते हुए छतरियां एकता को आज के समय में बहुत महत्वपूर्ण बताया साथी युवाओं को अच्छी शिक्षा और टेक्नोलॉजी सीखने के लिए और ज्यादा प्रयासरत रहने की सलाह दी। क्षत्रिय समाज के कई बड़े चेहरे देखने को मिले जिनमें कई व्यावसायी शिक्षाविद और कई राजनीतिक पदाधिकारी भी शामिल थे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री राष्ट्रीय क्षत्रिय महासभा अखंड भारत के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह राजावत, छतरपुर जिला अध्यक्ष गणेश सिंह परमार, प्रदेश मीडिया प्रभारी अभिषेक सिंह सेंगर, कृष्णप्रताप सिंह वह अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। इस पूरी कार्यक्रम के आयोजन को विशेष तौर पर पुष्पेंद्र प्रताप सिंह गुड्डू भैया और उनके साथियों ने आयोजित करने में अहम भूमिका निभाई थी, कार्यक्रम की आयोजन समिति में सुरेंद्र तोमर तथा रामनरेश सिंह बनाफर व इनकी टीम का प्रमुख योगदान रहा।

कार्यक्रम की विशेष स्थितियों में छतरपुर पेंशनर्स एसोसिएशन, भूतपूर्व सैनिक, सामाजिक कार्यकर्ता व कई समितियों के साथ साथ वरिष्ठ पत्रकार नारायण सिंह परमार, पिंटू राजा ज्योराहा , उपेन्द्र प्रताप सिंह, रामबाबू सिंह परिहार वह अन्य क्षत्रिय समाज के कई विशिष्ट व्यक्ति शामिल हुए।

# खजुराहो से इंडिगो एयरलाइंस की सेवा प्रारंभ

**तुलसीदास सोनी**

परिहार गर्जना न्यूज। खजुराहो। विश्व प्रसिद्ध पर्यटन नगरी खजुराहो में 27 अक्टूबर से इंडिगो एयरलाइंस की सेवा प्रारंभ हो गई है जो दिल्ली से खजुराहो तथा खजुराहो से बनारस और फिर बनारस से वापस खजुराहो तथा कुछ देर खजुराहो में रुकने के बाद उक्त यह इंडिगो एयरलाइंस दिल्ली के लिए रवाना होगा ।



खजुराहो में स्पाइसजेट के बाद इंडिगो एयरलाइंस जो की 186 सीटर एयर बस प्रतिदिन अपनी सेवाएं प्रदान करेगा, विशेष बात यह है कि उक्त यह विमान खजुराहो से बनारस को भी कनेक्ट है जिससे बनारस से खजुराहो आने और जाने वाले पर्यटकों को एक अच्छी सुविधा प्राप्त हो गई है तथा इस विमान के प्रारंभ होने से पर्यटन व्यवसाय में भी बढ़ोतरी होगी ।

खजुराहो विमानपतन निर्देशक संतोष सिंह ने बताया कि खजुराहो एयरपोर्ट मैं इंडिगो फ्लाइट्स के शुरू होने से खासतौर से बनारस की कनेक्टिविटी के कारण पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी आपने कहा कि आज पहले दिन इस फ्लाइट में 44 पर्यटक आए हैं जबकि 52 पर्यटक खजुराहो से रवाना हुए जबकि उक्त यह विमान जो कि दिल्ली से खजुराहो आया जिसमें ट्रांसिट पैसेंजर की संख्या 117 थी जो विमान में ही रहे और यहां से बनारस की ओर रबाना हुए । पर्यटन नगरी खजुराहो में एयर कनेक्टिविटी को लेकर खजुराहो सांसद विष्णु दत्त शर्मा जी को भी पर्यटन व्यवसाईयों के द्वारा समय-समय पर मामले को संज्ञान में दिया गया जिसको लेकर लगातार उनके भी प्रयास जारी रहे और आने वाले समय में इन्हीं सभी मिश्रित प्रयासों के चलते और भी अधिक एयर कनेक्टिविटी खजुराहो को प्राप्त होगी ऐसी पर्यटन व्यवसाईयों को उम्मीद है, फिलहाल उक्त इस विमान के प्रारंभ होने से खजुराहो के पर्यटन व्यवसायियों में खुशी की लहर देखी जा रही है और पर्यटन के दृष्टिकोण से यह फ्लाइट शुरू होना शुभ संकेत भी माना जा रहा है ।

# करोड़पति निकला धबाड़ सोसायटी का सेल्समैन

## लोकायुक्त सागर की टीम द्वारा की गयी जांच में हुआ खुलासा



छतरपुर। भ्रष्टाचार पर सरकार की सख्ती के बाद जाँच एजेंसियां भी सतर्क हैं और भ्रष्टाचारी के खिलाफ़ पैनी नजर बनाये हुए है। सागर लोकायुक्त पुलिस की टीम ने ऐसे ही एक भ्रष्ट शासकीय सेवक के खिलाफ छापामार कार्यवाही की है, आरोपी एक सहकारी समिति में सेल्समैन है और अभी तक की कार्यवाही में उसके पास से 200 प्रतिशत से अधिक अनुपातहीन संपत्ति होने का खुलासा हुआ है।

लोकायुक्त पुलिस सागर एसपी योगेश्वर शर्मा ने बताया कि सेवा सहकारी समिति धवाड़, थाना खजुराहो के विक्रेता अरुण कुमार गुप्ता पिता शंकर लाल गुप्ता के विरुद्ध वैध आय से अधिक सम्पत्ति अर्जित करने की शिकायत पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त सागर कार्यालय को मिली थी जिसका सत्यापन कराने पर प्रारंभिक रूप से शिकायत सही पाए जाने पर शनिवार को लोकायुक्त की टीम ने छापा मार कार्यवाही की।

***आय से अधिक संपत्ति के प्रमाण मिले***

डीएसपी मंजूसिंह के नेतृत्व में निरीक्षक अभिषेक वर्मा एवं रणजीत सिंह के साथ 10 सदस्यीय दल द्वारा सेल्समैन अरुण कुमार गुप्ता के निवास स्थान ग्राम धवाड़ तहसील राजनगर में तड़के सुबह 6 बजे छापामार तलाशी कार्रवाई प्रारंभ की गई, जिसमें अभी तक की तलाशी कार्यवाही में लगभग 213 प्रतिशत आय से अधिक संपत्ति होने के प्रमाण मिले है।

***तलाशी के दौरान लोगों के साइन करे खाली चेक मिले***

अब तक जो जानकारी सामने आई है उसके मुताबिक आरोपी सेल्समैन अरुण कुमार गुप्ता के निवास पर विलासिता की सभी वस्तुएँ पायी गई। तलाशी के दौरान लोगों के हस्ताक्षरित खाली चेक पाये है। अन्य लोगों की रजिस्ट्रियां भी मिलीं। जिसके संबंध में जानकारी प्राप्त हुई है कि आरोपी ब्याज पर पैसा देने का कार्य करता है, जिसके बदले में ऋण प्राप्तकर्ता से हस्ताक्षरित ब्लैंक चेक ले लेता था।

***10 से अधिक रजिस्ट्री, 20 से अधिक चेक बुक***

आरोपी के द्वारा प्रॉपर्टी में भी निवेश करने के प्रमाण मिले है, 10से अधिक रजिस्ट्री मिली हैं। 20 से अधिक चेकबुक/पासबुक छापे के दौरान मिलीं हैं। आरोपी एवं परिजनों के अन्य बैंक खातों की जानकारी ली जा रही है।

***15 हजार रुपये महीना वेतन वाला सेल्समैन करोड़पति***

लोकायुक्त एसपी ने बताया कि जो जानकारी सामने आई है उसके मुताबिक अरुण कुमार गुप्ता ने करीब 20 साल पहले नौकरी ज्वाइन की थी तब उसका वेतन 1500/- रुपये रहा होगा और वर्तमान में उसका वेतन 15 हजार रूपए मासिक है, अंदाजा लगाया गया कि यदि वैध आय की गणना की जाये तो अरुण कुमार गुप्ता के पास 8 लाख की संपत्ति होनी चाहिए लेकिन ये करोड़ों में निकली है, लोकायुक्त एसपी योगेश्वर शर्मा का कहना है कि ये संपत्ति और अधिक हो सकती है सभी दस्तावेजों का सत्यापन होने के बाद सही आंकड़ा सामने आएगा।

# प्रदेश कांग्रेस की नई कार्यकारिणी में जिले के तीन नेताओं को मिली जगह

***छतरपुर। मध्यप्रदेश कांग्रेस की नई कार्यकारिणी घोषित कर दी गयी है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के नेतृत्व वाली इस कार्यकारिणी में छतरपुर जिले के तीन नेताओं को जगह मिली है जिसमें पूर्व विधायक आलोक चतुर्वेदी, विक्रम सिंह नातीराजा को प्रदेश उपाध्यक्ष तथा कांग्रेस नेत्री निधि सत्यव्रत चतुर्वेदी को प्रदेश महासचिव बनाया गया है।***

ज्ञात हो कि कांग्रेसजनों को लंबे समय से प्रदेश कांग्रेस कार्यकारिणी के गठन का इंतजार था जो शनिवार देर रात कार्यकारिणी की घोषणा करने के साथ ही खत्म हो गया। इस नवगठित कार्यकारिणी में सबसे चौकाने वाला नाम कांग्रेस नेत्री निधि चतुर्वेदी का है जो लंबे समय से एक निष्ठावान कार्यकर्ता की तरह पार्टी का काम कर रही थी जिन्हें पार्टी ने प्रदेश महासचिव की अहम जिम्मेदारी सौंपी है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि बुंदेलखण्ड की कांग्रेस की राजनीति में टौरिया हाउस का हमेशा महत्वपूर्ण स्थान रहा है लेकिन पूर्व राज्यसभा सांसद सत्यव्रत चतुर्वेदी के राजनीति में सन्यास लेने के बाद इस परिवार का कांग्रेस की राजनीति से अस्तित्व सा खत्म हो गया था लेकिन निधि चतुर्वेदी पिछले कई वर्षो से कांग्रेस पार्टी का काम करती रही है। कर्नाटक चुनाव में भी इन्होंने पार्टी द्वारा सौंपी गयी जिम्मेदारी का ईमानदारी से निर्वाहन किया था। मध्यप्रदेश विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव में भी पार्टी ने जिन्हें जो दायित्व सौंपा उसका इन्होंने ईमानदारी से पालन किया। पार्टी के प्रति इनकी निष्ठा एवं जनता में लोकप्रियता को देखते हुये कांग्रेस ने इन्हें प्रदेश महासचिव जैसी जिम्मेदारी सौंपी है। अब उम्मीद की जा रही रही है कि सत्यव्रत चतुर्वेदी के सन्यास लेने के बाद इनके जो समर्थक या तो शांत होकर बैठ गये थे या इधर उधर हो गये थे वे पुन: उनके नेतृत्व में एकजुट होकर पार्टी को मजबूती प्रदान करेंगे।

**संपादक मंडल**

अजय परिहार सह संपादक 6232531835, दीपक रैकवार सह संपादक, दद्दा ललौनी, प्रकाश कठल जिला ब्यूरोचीफ, कानूनी सलाहकार अरविन्द निरंजन एडवोकेट, विक्रम सिंह प्रबंध संपादक 7898634648

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक **रामबाबू सिंह परिहार** द्वारा फज्जू प्रिंटर्स शॉप नं.1 नगर पालिका कॉम्पलेक्स, सर्किट हाउस तिराहा, जवाहर रोड छतरपुर म.प्र.से मुद्रित कराकर कार्या.परिहार गर्जना सर्किट हाउस गेट जवाहर रोड छतरपुर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक-**रामबाबू सिंह परिहार**/ मो.नं.9406730853, 9755204916, 07682-358321